सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२४-२०२५

कक्षा:-तीन | विषय:हिंदी व्याकरण | पाठ :सर्वनाम

परिभाषा- जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाते हैं, वे सर्वनाम कहलाते हैं ।

जैसे - मैं, तुझे ,जो, मेरा, उन्हें, हमारा, तुम्हारा, आपका आदि ।

उदाहरण :-

1)यह मेरी पेंसिल है।

2)हम विद्यालय जाते हैं ।

3)वे कल परीक्षा देने जाएँगे।

4)कोई दरवाजा खटखटा रहा है।

5)मैं बाजार जा रहा हूँ ।

सर्वनाम

अभ्यास -1

निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम शब्द रेखांकित कीजिए ।

1)आज मेरा जन्मदिन है ।

2)हम कल ताजमहल देखने जाएँगे ।

3)तुम्हारा घर कहाँ है ?

4)वे सभी प्रतियोगिता में भाग लेंगें ।

5)तुम क्या लिख रहे हो ?

6)यह मेरी बहन छाया है ।

7)मैं तीसरी कक्षा में पढ़ता हूँ ।

8)उसे कल शिमला जाना है ।

सर्वनाम अभ्यास 2

निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम शब्द द्वारा रिक्त स्थान भरिए।

1)--- माँ खाना बना रही है ।

2)--- बाजार जाना है।

3)--- कहाँ जा रहे हो?

4)--- फुटबॉल खेलने जाएँगे ।

5)--- पुस्तक पढ़ना अच्छा लगता है ।

6)राहुल --- प्रिय मित्र है ।

7)--- लड़का बहुत मोटा है ।

8)--- पास बहुत खिलौने हैं ।